राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 मार्च। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सम्भाग स्तरीय संगठनात्मक बैठक हेतु प्रदेश में चार दिवसीय दौरा करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत दिनांक 28 मार्च, 2023 को प्रात: 11 बजे बीकानेर में बीकानेर सम्भाग के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेगें तथा अपरान्ह 3 बजे जोधपुर में जोधपुर सम्भाग की बैठक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 मार्च, 2023 को अपरान्ह 3 बजे उदयपुर, दिनांक 31 मार्च, 2023 को प्रात: 11 बजे कोटा, अपरान्ह 3 बजे अजमेर तथा दिनांक 1 अप्रेल, 2023 को प्रात: 11 बजे भरतपुर तथा अपरान्ह 3 बजे जयपुर में सम्भाग स्तरीय बैठक होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में सम्भाग के सभी कांग्रेस के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, जिला प्रभारीगण, सम्भाग प्रभारीगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, पीसीसी डेलीगेट्स, मण्डल/नगर अध्यक्षगण, सभी अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्षगण, सम्भाग में निवासरत बोर्ड निगमों के अध्यक्षगण व उपाध्यक्षगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, सांसद, सासंद प्रत्याशीगण, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, नगर निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व विधायक प्रत्याशीगण भाग लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter